अब राज्य व क्षेत्रीय स्तर पर होगा खेल परिषदों का गठन

चंडीगढ़। हरियाणा में अब राज्य व क्षेत्रीय स्तर पर खेल परिषदों का गठन होगा। साथ ही, सभी खेल संघों के लिए पंजीकरण भी अनिवार्य होगा। बुधवार को हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी देन सरकार ने हरियाणा राज्य खेल संघ (पंजीकरण एवं विनियमन) विधेयक-2024 पास किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा यह विधेयक पेश किया गया और इसे कांग्रेस की गैर-मौजूदगी में सर्वसम्मति से पारित किया गया। नये विधेयक के मुताबिक यदि कोई खिलाड़ी गैर पंजीकृत खेल संघ की ओर से खेलता है तो उसे किसी भी प्रकार का अनुदान, सरकारी नौकरी और अन्य कोई सुविधा नहीं दी जाएगी। सरकार ने खेल संघों की मनमानी रोकने तथा खेल व खिलाड़ियों के लिए उनकी जवाबदेही तय करने के लिए यह कानून बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत पंजीकृत खेल संघ ही प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सकेंगे। इतना ही नहीं, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए भी खेल संघों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। यानी गैर-पंजीकृत खेल संघ कानून लागू होने के बाद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं कर सकेंगे। खेल संघों में राजनीतिक हस्तक्षेप भी बढ़ता जा रहा है। सरकार का मानना है कि यह खेल व खिलाड़ियों की सेहत तथा भविष्य के लिए उचित नहीं है। विधेयक में स्पष्ट किया है कि खेल संघों को अपना पंजीकरण हरियाणा खेल पंजीकरण परिषद और क्षेत्रीय खेल पंजीकरण परिषद के पास करवाना होगा। इसके लिए सरकार खेल परिषदों का गठन करेगी। तीन साल के लिए यह पंजीकरण होगा, जो राज्य व जिला स्तर पर अनिवार्य है। खेल संघ अपने नाम के आगे हरियाणा या किसी भी जिले के नाम का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। खेल परिषद इन खेल संघों का पंजीकरण करने के साथ की उनके विनियमन तथा सरकार को उचित सलाह प्रदान करेंगी। खेल परिषदों को खिलाड़ियों की ओर से की जाने वाली शिकायतों की जांच का अधिकार दिया गया है। इन खेल परिषदों को अपनी देखरेख में चैंपियनशिप, प्रशिक्षण और रिकार्ड की जांच करने का अधिकार होगा। खेल संघों के कामकाज के आकलन के साथ ही उनकी जवाबदेही भी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस कानून के बनने से खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा खिलाड़ियों को उनकी मनमानी का शिकार नहीं होना पड़ेगा।

यमुनानगर के छछरौली में दर्दनाक हादसा तीन की मौत

यमुनानगर। हरियाणा के यमुनानगर के पोंटा हाईवे पर देर रात एक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जब अनियंत्रित दो ट्रक एक पैलेस के बाहर खड़े लोगों पर जा चढ़े, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पैलेस के बाहर गुलाब नगर निवासी फोटोग्राफर कर्ण अपने सहयोगी अरुण के साथ खड़े थे, जहां एक ई रिक्शा चालक पुजन भी खड़ा हुआ था। इसी दौरान दो अनियंत्रित ट्रक इन तीनों लोगों के ऊपर जा चढ़े ,जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों के शवों को यमुनानगर के ट्रामा सेंटर में लाया गया जहां उनका पोस्टमार्टम होगा। हादसा इतना भयंकर था कि ट्रक, सड़क के किनारे खड़े पेड़ों को जड़ समेत उखाड़ कर सड़क किनारे खड़े लोगों पर जा चढ़े। इस मीनिंग क्षेत्र में दिन-रात ट्रकों का आना जाना रहता है। हजारों की संख्या में ट्रक इस हाइवे से गुजरते हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

कांग्रेस पार्टी की मीटिंग में प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा कन्वीनर बजरंग गर्ग भाग लेंगे- पवन बुवानीवाला

भिवानी- कांग्रेस कमेटी के सीनियर नेता पवन बुवानीवाला ने बताया कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा कन्वीनर बजरंग गर्ग 1 मार्च शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे दादरी में रासी वासिया धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे। उसके उपरांत दोपहर 3:00 बजे नारनौल में मीटिंग लेंगे और इस मीटिंग में लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पदाधिकारी भाग लेंगे। इस मीटिंग में लोकसभा व विधानसभा चुनाव के बाबत विचार किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी द्वारा घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान, विपक्ष आपके समक्ष व विधानसभा क्षेत्र में हो रही कांग्रेस पार्टी की रैलियां व जनसंपर्क अभियान के बाबत विचार किया जाएगा और आगामी चुनाव बाबत बूथ स्तर पर कमेटियां बनाई जाएगी। इस मीटिंग में प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व लोकसभा प्रभारी बजरंग गर्ग व कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव अनीता यादव, पूर्व विधायक मूलाराम जी, राधेश्याम शर्मा, प्रभारी गोपाल सिंह, पवन बुवानीवाला, सीनियर नेता राव बहादुर सिंह, मनीषा सांगवान, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान, अनिल धनखड़ व पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान आदि सीनियर नेता संबोधित करेंगे।

नेशनल लेवल एकलव्य क्विज के लिए टीम सराय पहुंची पुणे

फरीदाबाद। सराय ख्वाजा फरीदाबाद की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम ने स्टेट लेवल एकलव्य क्विज में प्रथम रह कर नेशनल लेवल एकलव्य क्विज में प्रतिभागिता करने का सुअवसर प्राप्त किया है तथा टीम पुणे में प्रतिभागिता करने के लिए पहुंच चुकी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि हरियाणा राज्य स्तरीय एकलव्य क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल लेवल क्विज में विद्यालय के छात्रों एवम छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं और छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि उल्लेखनीय है कि एकलव्य क्विज प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष लेडी बैमफोर्ड चेरिटेबल ट्रस्ट और जे सी बी इंडिया के तत्वाधान में आयोजित की जाती रही है पूर्व में भी विद्यालय ने दो बार सर्वोत्कृष्ट प्रयास करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एकलव्य क्विज प्रतियोगिता में विजेता एवम उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया हैं। प्राचार्य मनचंदा ने लेडी बैमफोर्ड चेरिटेबल ट्रस्ट एवम जे सी बी इंडिया के वरिष्ठ सी एस आर अधिकारियों और प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमजद खान का भी आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने सभी चारों छात्रों ऋषभ, आदर्श एवम छात्राओं रिया और चांदनी की अच्छे से तैयारी करवाने के लिए अध्यापिका शालिनी, सुदेश, अजय गर्ग और जसबीर सिंह एवम सभी स्टाफ सदस्यों का भी अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रतिभागी विद्यार्थियों को लेडी बैमफोर्ड चेरिटेबल ट्रस्ट तथा जे सी बी इंडिया द्वारा स्टेट लेवल में प्रथम पुरस्कार में एक एक बायसाइकिल और एक एक बैग प्रदान किया गया। प्राचार्य मनचंदा और स्टाफ के सभी अध्यापकों ने एल बी सी टी और जे सी बी इंडिया का विद्यार्थियों के आल राउंड डेवलपमेंट के लिए चलाए जा रहे इस प्रकार के लिए आभार व्यक्त किया। रिया, चांदनी, ऋषभ और आदर्श को राष्ट्रीय क्विज की प्रिपरेशन के लिए नियमित अभ्यास एवम परिश्रम करने के लिए तथा किसी भी प्रकार से तनावग्रस्त न रहने के लिए मोटिवेट किया।

बॉलीवुड फिल्म 'सन्देह' सस्पेंस म्यूजिकल थ्रिलर है एक कम्पलीट पैकेज: संजय राय

गुडगांव। फिल्म 'संदेह ' के निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया यह फिल्म युवाओं पर आधारित है, जिसमे उत्कृष्ट गीत- संगीत के साथ थ्रिल, सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी। ये फिल्म परिवार के साथ देखी जा सकती है।

फिल्म 'संदेह ' की लेखिका श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि यह फिल्म युवाओं पर आधारित है। आज कल की भाग दौड़ भरी जिंदगी और बदलते सामाजिक परिवेश में युवा खुद को बेहतर साबित करने और तरक्की करने की दौड़ में भटक कर गलत रास्ते को अपना लेता है और गलत रास्ते से कैसे वापस लौटता है, यह सब कुछ इस फिल्म में दिखाया गया है। भटके हुए युवाओं को सही रास्ता दिखाने का संदेश देती है फिल्म 'संदेह ' ।

फिल्म निर्देशक अयाज खान ने बताया कि फिल्म 'संदेह' सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया की इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ, सीतापुर, उत्तरांचल नैनीताल आदि सुंदर लोकेशन पर की गई है। फिल्म 'संदेह ' में रिया कपूर, पुलकित रायजादा, पवन विक्रम, नीतीश भलुनी, गौरव कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, सोनम सैनी, दुष्यंत सिंह, शिवानी सौम्या, लोकेश मोहन खट्टर और संजय रायजादा ने अभिनय किया है।

फिल्म अभिनेता पवन विक्रम ने बताया कि यह फिल्म युवाओं को सही रास्ता दिखाने का काम करेगी। यह फिल्म युवाओं के संघर्ष की दास्तान है। फिल्म 'संदेह ' में कालेज की स्टूडेंट वान्या नाम की लड़की का किरदार निभा रहीं फिल्म अभिनेत्री रितिका गुप्ता ने बताया कि स्टूडेंट छुट्टियाँ मनाने अपने दोस्तों के साथ बाहर जाते हैं जहां उनके साथ कुछ अप्रत्याशित घटनाएँ घटित हुईं। सन्देह का अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमारी निर्माता

टीम और अभिनेताओं की पूरी टीम ने बहुत समर्थन किया। बहुत कुछ सीखने को मिला। पूरी टीम ने काफी मेहनत की है। फिल्म की कहानी काफी अच्छी है और काफी अलग भी है। आज की फिल्म के विपरीत एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें आज कल युवाओं के लिए एक संदेश भी है।

फिल्म 'संदेह ' में विलेन की भूमिका निभा रहे फिल्म अभिनेता गौरव कुमार ने बताया कि फिल्म संदेह में उनका रोल चौकीदार का है, जो की बहुत खतरनाक रोल है। मेरी पिछली फिल्मों से सबसे डिफरेंट रोल है इसमे, अपनी एज से ज्यादा एज का कैरेक्टर है, उसको निभाने की कोशिश की है। इसमें सबसे इंटरेस्टिंग बात मेरी कॉस्ट्यूम बिल्कुल अलग है, उसमें लिखा है जो तेरा था वह मेरा होगा, यह मेरी टैगलाइन है। मेरी पहले की फिल्म रायबरेली, सीतापुर सिटी ऑफ गैंगस्टर, अन्नते, प्यारा कुल्हड़ उन सब से अलग कैरेक्टर है। सन्देह मूवी में काम करके मुझे सच में बहुत अच्छा लगा, बड़ा मजा आया, एक अलग टाइप का कैरेक्टर जीने का मौका मिला।

खेती की जमीन घट रही, किसान पर कर्ज बढ़ रहा: कुमारी सैलजा

चंडीगढ़, (तेजयुग न्यूज) । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में किसानों के पास कृषि योग्य जमीन लगातार घट रही है, जबकि कर्जे की रकम लगातार बढ़ रही है। बढ़ते कर्ज के कारण हर घंटे देश में औसतन एक से अधिक किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं और फिर भी केंद्र की भाजपा सरकार इनकी सुध लेने की बजाए अपने पूंजीपति मित्रों की कर्जा माफी में जुटी हुई है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि यह खुलासा राज्यसभा व लोकसभा में समय-समय पर पेश रिपोर्ट और एनएसओ व एनसीआरबी के आंकड़ों से होता है। इससे पता चलता है कि देश की करीब 52 फीसदी आबादी रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर है और जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत है। लेकिन, दूसरे सेक्टर्स के मुकाबले देश में खेती से जुड़े लोगों की स्थिति लगातार खराब ही हो रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश का प्रत्येक किसान परिवार आज 74121 रुपये के कर्ज तले दबा है, जबकि एक किसान परिवार की औसत मासिक आय सिर्फ 10218 रुपये ही है। किसानों की घरेलू स्वामित्व जोत का औसत आकार भी घटता जा रहा है। देश में 9.31 करोड़ किसान परिवारों में से 6.56 करोड़, यानी 70 प्रतिशत से अधिक के पास 01 हेक्टेयर से भी कम जमीन है। देश में सिर्फ 0.4 प्रतिशत किसान परिवारों के पास ही 10 हेक्टेयर से अधिक भूमि है। कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों की बदतर हालत को इसी बात से समझा जा सकता है कि प्रत्येक किसान परिवार के पास औसतन 0.876 हेक्टेयर जमीन है। लगातार कर्ज में डूबने के कारण साल 2012 से 2022 के बीच 114695 किसान खुदकुशी कर चुके हैं। यानी, हर दिन में 31 जान जा रही हैं। किसान बैंकों, सरकार, सहकारी समितियों व सूदखोरों के कर्जदार हैं और इस कर्ज को समय पर चुका भी नहीं पा रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा के किसान कर्ज के मामले में देश में चौथे नंबर पर आते हैं। यानी, खराब स्थिति के मामले में टॉप 4 में हैं। यहां 19.06 लाख किसान परिवार हैं, जिनमें से 9.06 लाख परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं, जो कुल कृषक परिवारों का 47.5 प्रतिशत हैं। इन पर औसत कर्जा 1.82 लाख रुपये है। इतना सब होने के बावजूद प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने एक बार भी केंद्र की भाजपा सरकार के सामने यहां की हकीकत बताती रिपोर्ट नहीं रखी है। इससे पता चलता है कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है।

ईशा खत्री ने बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की निगरानी के लिए एमडीडी बाल भवन का दौरा किया

करनाल। जिला और सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन चंद्रशेखर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल सुश्री जसबीर, और रजनीश गर्ग एवं अतिरिक्त सैशन जज करनाल डॉ. सुशील कुमार व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ईशा खत्री ने बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की निगरानी के लिए एमडीडी बाल भवन का दौरा किया।

जिला और सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंद्रशेखर ने बताया कि माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एमडीडी बाल भवन, फूसगढ़ रोड, करनाल में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया। इस मौके पर संरक्षक पी.आर.नाथ मौजूद थे।

समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में लड़कियां रह रही हैं।

सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं एम.डी.डी बाल भवन अनाथालय एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एक मात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है, जिनके पास दावा करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद से पूछने के लिए कोई नहीं है। जिला और सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन चंद्रशेखर, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया गया और उनसे उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा कुछ बच्चों से कविताएं सुनकर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया एवं उनको प्रेरणा भी दी गई और उन्होंने बताया कि उन्हें दी जा रही सुविधाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एमडीडी का प्रबंधन बहुत देखभाल करने वाला संस्थान है। संस्था द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में संस्था रहने वाले बच्चों द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई।

इसके साथ-साथ जिला और सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन चंद्रशेखर, मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सुश्री जसबीर और रजनीश गर्ग एवं अतिरिक्त सैशन जज डॉ. सुशील कुमार और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ईशा खत्री एमडीडी बाल भवन करनाल के खानपान एवं पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया और बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया।

हरियाणा में शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करना होगा अपराध

चंडीगढ़। हरियाणा में भी अब शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करना अपराध होगा। शव के साथ प्रदर्शन करने पर परिजनों और रिश्तेदारों को छह महीने से लेकर पांच साल तक की जेल और एक लाख रुपये तक जुर्माना होगा। विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन बुधवार को नौ विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक शामिल है। सदन में यह विधेयक दो दिन पहले भी पेश किया गया था लेकिन कांग्रेस ने इसमें कई तरह के संशोधनों की मांग की थी। इसके चलते इस विधेयक को लंबित कर दिया गया। बुधवार को सदन में जिस समय यह विधेयक पास किया गया, उस समय विपक्षी कांग्रेस के विधायक सदन में नहीं थे। नया विधेयक पास होने के बाद अब किसी भी व्यक्ति के शव की बेकद्री हुई तो संबंधित क्षेत्र का थानेदार शव को कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार कराएगा। माता-पिता, चाचा-ताऊ,

पति-पत्नी, भाई-बहन या बेटा-बेटी सहित किसी भी रिश्तेदार को शव के साथ सड़कों पर प्रदर्शन या आंदोलन करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसा करने पर उन्हें छह महीने से लेकर पांच साल तक की सजा हो सकती है। इतना ही नहीं, शव का अंतिम संस्कार नहीं करने के लिए उकसाने वालों को भी जेल काटनी पड़ेगी और एक लाख रुपये तक जुर्माना देना पड़ेगा। विधेयक के अनुसार थानेदार और ड्यूटी मजिस्ट्रेट शव का अंतिम संस्कार उसी समुदाय या धर्म की परंपरा और रीति-रिवाज से सुनिश्चित करेंगे, जिससे मृतक संबंधित था।

अगर किसी थाने के प्रभारी को आशंका होती है कि किसी शव का उपयोग परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों द्वारा विरोध-प्रदर्शन के लिए किया जा सकता है तो वह तुरंत शव को अपने कब्जे में लेकर इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक और कार्यकारी मजिस्ट्रेट को देगा। साथ ही शव को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेजना होगा। इसके बाद कार्यकारी मजिस्ट्रेट मृतक के परिवार के किसी सदस्य को शव का अंतिम संस्कार करने के लिए नोटिस दिया जाएगा। इस दौरान शव को सड़ने से बचाने के लिए डीप फ्रीजर में रखा जाएगा। रिश्तेदारों और परिजनों को शव का अंतिम संस्कार करने के लिए 12 घंटे मिलेंगे। अगर कोई व्यक्ति शव का सही तरीके से अंतिम संस्कार नहीं करता है तो उसे तीन साल से लेकर दस साल तक की कैद काटनी होगी। इसके अलावा एक लाख रुपये तक जुर्माना भी किया जाएगा।

शिव भक्ति में लीन होकर झूमते गाते चले श्रद्धालु

करनाल। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में निकली जा रही प्रभातफेरी बृहस्पतिवार की पावन वेला में सेक्टर 13 पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पालकी का फूल बरसाकर भव्य रूप से स्वागत किया। सेक्टर 13 में शिवभक्त अनिल सिंगला के निवास से प्रभातफेरी प्रारंभ हुई और विभिन्न गलियों से गुजरते हुए सेक्टर आठ पार्ट-2 में पहुंची। जहां शिवभक्त रमेश बत्रा के निवास स्थान पर भोलेनाथ की पालकी ने विश्राम लिया।

भजन मंडली में शामिल कर्ण रसिक व पारस ने मधुर भजन गए तो श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। आठ मार्च को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने का श्रद्धालुओं से आह्वान किया और कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर अनिल छाबड़ा, विजय कौशल, राजू डोडा, वीणा सेठ व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

हरियाणा में ट्रैवल एजेंट नहीं कर सकेंगे कबूतरबाजी

चंडीगढ़। हरियाणा में अब कोई भी ट्रैवल एजेंट युवाओं को फर्जी तरीके से विदेश नहीं भेज सकेगा। राज्य में अब कोई भी ट्रैवल एजेंट अपना पंजीकरण कराए बिना काम नहीं कर सकेगा। ट्रैवल एजेंटों की मनमानी राकने के लिए सरकार ने कानून बना दिया है। फर्जी ट्रैवल एजेंटों को दो से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना करने तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर तीन से दस साल तक जेल की सजा होगी।

गृह मंत्री अनिल विज ने बुधवार को बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2024 पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। अनिल विज ने दावा किया कि अब भोले-भाले लोग और युवा ऐसे कबूतरबाजों के चंगुल में नहीं फंसेंगे। विधेयक पेश करते हुए विज ने कहा कि कबूतरबाजी गंभीर बीमारी का रूप ले चुकी है। भोले-भाले लोग ट्रैवल एजेंटों के चंगुल में फंसकर अपना सब कुछ गंवा रहे हैं।

कबूतरबाजी के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु पूर्व आईपीएस भारती अरोड़ा की अध्यक्षता में एक एसआईटी-1 गठित की गई थी, जिसने 593 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की तथा कबूतरबाजों से एक करोड 81 लाख 57 हजार 800 रुपये रिकवर किए। इसके बाद 2023 में आइपीएस अधिकारी सिबास कबिराज की अध्यक्षता में दूसरी एसआइटी-2 गठित की गई, जिसने अब तक 604 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर तीन करोड़ तीन लाख चार हजार रुपये रिकवर करने में सफलता हासिल की है। विज ने कहा कि ट्रैवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने और उनकी अवैध गतिविधियों की जांच करने, अंकुश लगाने के लिए विधेयक, हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन अधिनियम, 2024 कहा जाएगा। हरियाणा में ये एजेंट विदेशों में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से प्रस्ताव पत्र के जरिए वर्क वीजा, वर्क परमिट, स्टडी वीजा की व्यवस्था करने का वादा करते हैं लेकिन कई मामलों में वे अपने वादे पूरे करने में विफल रहते हैं।

कई मामलों में ये एजेंट नकली प्रस्ताव पत्र प्रदान करते हैं और कभी-कभी नकली या गैर-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या कॉलेज भी बनाते हैं। जनता के व्यापक हित में एक कानून यानी 'हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन अधिनियम, 2024' जो कि ट्रैवल एजेंटों की गैरकानूनी और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की जांच एवं निगरानी करने, ऐसे लोगों को दंडित करने, कानून के अनुसार गलत काम करने वालों के लिए एक तंत्र की स्थापना करेगा और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए यह आवश्यक है।

बजट सत्र में ये विधेयक किए गए पारित-हरियाणा विनियोग (संख्या 1) विधेयक, 2024.

हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2024.

हरियाणा राज्य खेल संघ (पंजीकरण और विनियमन) विधेयक, 2024.

हरियाणा परियोजना भूमि समेकन (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2024

हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2024

हिसार महानगर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2024

हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2024

हरियाणा पिछड़े वर्ग (सेवाओं तथा शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिले में आरक्षण) संशोधन विधेयक, 2024.

हरियाणा शव का सम्मानजनक निपटान विधेयक, 2024

हरियाणा अन्तरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण विधेयक, 2024.

महाशिवरात्रि पर अरूणाय में भंडारा आयोजित करेगा ओम शिव शंकर सेवा मंडल

तरावड़ी, (तेजयुग न्यूज) । ओम शिव शंकर सेवा मंडल तरावड़ी की ओर से महाशिवरात्रि पर महा संगमहाश्वेर अरुणाय पेहवा मे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाऐगा। भंडारे की तैयारियों को लेकर तरावड़ी अनाज मंडी में मंडल पदाधिकारियों ने बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता मंडल प्रधान दुर्गेश मित्तल ने की। उन्होंने बताया कि मंडल की ओर से 7 से 8 मार्च को अरुणाय मन्दिर मे पटियाला वालों की धर्मशाला मे दो दिन का 18 वां विशाल भंडारा लगाया जायेगा। सभी सदस्यों के साथ तैयारियों के बारे मे विचार किया और सभी मैंबरों की ड्यूटियां लगाई गई। बैठक में मंडल के सभी सदस्यों एवं मंडी आढ़तियों ने हिस्सा लिया। प्रधान दुर्गेश मित्तल ने बताया कि सस्थां हर वर्ष श्री अमरनाथ मे नगरवासियों के सहयोग से जम्मू कश्मीर स्थित बालटाल के रास्ते बराडी मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन करती है। भंडारे पर यात्रियों के लिए रात को ठहराने के लिए शैड, कंबल, दवाईयां व भोजन की सुविधा उपलब्ध होती है। इस मौके पर सरंक्षक सुभाष गर्ग, उपाध्यक्ष गौरव बंसल, प्यारा लाल काठपाल, सचिव शन्टी मित्तल, कोषाध्यक्ष बनवारी लाल काठपाल, सुशील कुमार गर्ग, मनोज चौधरी, मदन कक्कड, सुरेश बंसल, मदन अरोडा, अमन नारंग, राजकुमार खुराना, कुमार, शिवांश मित्तल, नरेन्द्र कुमार काठपाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।